बरेली, सोमवार
20 अप्रैल, 2026

नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

नेशनल पब्लिक स्कूल व मिशन एकेडमी ने जीते मैच

- गिरीश प्रसाद मेमोरियल को हराकर मिशन एकेडमी ने 104 रनों से हासिल की जीत
- 10 रन देकर चार विकेट लेने वाले मिशन एकेडमी के शानू गंगवार बने मैन आफ द मैच

एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी • सौ. आयोजक

जागरण संवाददाता, बरेली: एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सात के पांचवें दिन नौवें मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल ने जीके सिटी मांटेसरी स्कूल को 10 विकेट से पराजित किया। जबकि 10वें मैच में मिशन एकेडमी स्कूल बरेली ने गिरीश प्रसाद मेमोरियल स्कूल (जीपीएम) को 104 रन से हराया।

क्रिकेट टूर्नामेंट के नौवें मैच में ग्रुप- ए की टीमों जीके मांटेसरी और मैच तीन के विजेता नेशनल पब्लिक स्कूल के बीच मैच हुआ। इसमें नेशनल पब्लिक स्कूल टीम के कप्तान अरुण यादव ने टास जीतकर जीके सिटी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। फैसला नेशनल पब्लिक स्कूल के गेंदबाजों ने जीके सिटी की टीम को 9.1 ओवर में 43 रन पर पवेलियन भेज दिया। जीके सिटी की ओर से जशांक गंगवार ही दहाई के अंक (15 रन) तक पहुंचने वाले एक मात्र बल्लेबाज रहे। टीम को 10 रन एक्स्ट्रा के रूप में भी मिले। नेशनल के कप्तान अरुण यादव ने गेंदबाजी की कमान खुद संभाली और जीत दर्ज की। उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया।

खाता भी नहीं खोल सके पांच बल्लेबाज : टूर्नामेंट का 10वां मैच ग्रुप-डी की टीम जीपीएम और विजेता मैच दो मिशन एकेडमी स्कूल के बीच दोपहर 12 बजे आरंभ हुआ। मिशन एकेडमी के कप्तान हिमांशु गंगवार ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित ओवर में 192 रन बनाए। इसमें हिमांशु गंगवार (39 रन, 27 गेंद, 5 चौके, 1 छक्का), हमीश (28 रन, 21 गेंद, 5 चौके), प्रसाद (23 रन, 22 गेंद, 2 चौके), अनिकेत सिंह (18 रन, 16 गेंद, 1 छक्का) और सिद्धार्थ (12 रन, 6 गेंद, 2 चौके) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। जीपीएम की टीम 18.3 ओवर में 88 रन बनाकर पवेलियन लौट गई, सिर्फ आरव शर्मा ही मिशन एकेडमी के गेंदबाजों का सामना कर सके। उन्होंने सात चौकों की मदद से 41 गेंदों पर 34 रन बनाए। पांच बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके। जीपीएम रनों में इजाफा करने में दूसरा बड़ा योगदान मिशन एकेडमी की ओर से मिले 25 एक्स्ट्रा रनों का भी रहा। नतीजा मिशन एकेडमी ने 104 रनों से शानदार जीत हासिल की। शानू को मैन आफ द मैच चुना गया। आयोजन अध्यक्ष डा. प्रभाकर गुप्ता ने मैन आफ द मैच की ट्राफी प्रदान की।

आज का मुकाबला : टूर्नामेंट में सोमवार को ग्रुप- बी की टीमों हार्टमैन कालेज और जेपीएम के बीच टूर्नामेंट का 11वां मैच सुबह आठ बजे और ग्रुप- सी की टीम डीपीएस और विजेता मैच चार ब्रेट इंटरनेशनल के बीच 12वां मैच दोपहर 12 बजे किया जाएगा।